# सवारियां बैठाने की होड़ से लग रहा है जाम

- आॅटो व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी जारी
- राजधानी की ट्रैफिक पुलिस मूकदर्शक बनी




**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 26 फरवरी. राजधानी के प्रमुख चौराहों पर इन दिनों ऑटो और ई-रिक्शा चालकों में सवारियां बैठाने को लेकर होड़ लगती है. इससे चौराहों पर जाम लगता रहता है.**

शहर के बोर्ड ऑफिस, नादरा बस स्टैंड, कोलार डी-मार्ट, ललिता नगर सहित प्रमुख चौराहों पर यह समस्या अब आम हो गई है. बोर्ड आफिस चौराहे से प्रगति चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर खास तौर पर शाम को ऑटो- ई-रिक्शा चालक आधी सड़क पर अपने वाहन खड़े रखते हैं.इससे जहां सड़क दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ जाती है, वहीं जाम लगता रहता है. इसी मार्ग के यू टर्निंग पर यह वाहन चालक कतार से अपने वाहनों को खड़े रखते हुए सवारियों को बैठाते हुए नजर आते हैं.

देर शाम को पीक आवर्स में लोग निकलते हैं, तो उन्हें लंबे जाम की समस्या का सामना हर रोज करना पड़ रहा है. नवभारत इस समस्या को लगातार प्रमुखता से उठा रहा है. बोर्ड आफिस चौराहे से कोलार, 12 नंबर, न्यूमार्केट, माता मंदिर, बिट्टन मार्केट जाने वाले सवारी आटो चालक सवारियां भरने के लिए मेन सड़क पर अपने वाहनों को देर तक खड़े रखते हुए ओवरलोडिंग करते नजर आते हैं. इस दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी नदारद रहते हैं, जिससे वाहनों के चालकों के हौसले बुलंद हैं.ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी भी समय-समय पर आटो और ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई कर चुके हैं. इसके बावजूद भी समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है.

### इनका कहना है



इस समस्या पर कार्रवाई होती है. मामले की जानकारी है. आगे भी कार्रवाई की जाएगी.

**संजय कुमार,** पुलिस कमिश्नर भोपाल

# कैचमेंट एरिया में चला बुलडोजर

## कैचमेंट में पूर्व जज, आईएएस और आईपीएस के मकान भी

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 26 फरवरी. जिला प्रशासन ने बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने गुरुवार से कार्रवाई शुरू कर दी है. प्रशासन ने बुलडोजर से पक्के निर्माण भी तुड़वा दिए. कैचमेंट एरिये में पूर्व जज, आईएएस और आईपीएस के मकान भी पाए गए हैं.**

यह मकान वर्षों पहले प्रेमपुरा घाट वन विहार मार्ग पर तालाब के किनारे बनाए गए हैं. निर्माण को हटाने के लिए एनजीटी पहले ही आदेश कर चुका था. उसके बाद भी कार्रवाई नहीं की थी.




### सांसद की नाराजगी के बाद कार्रवाई

सोमवार को सांसद आलोक शर्मा ने बड़े तालाब को पुराने स्वरूप में लाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की थी. बैठक में सांसद ने प्रशासन के अधिकारियों पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि तालाब के कैचमेंट एरिये को अतिक्रमण से मुक्त करायें, उसके बाद प्रशासन एक्शन में आया.

## एक नजर में

### गांजा बेचते पति- पत्नी गिरफ्तार

**भोपाल, 26 फरवरी.** बजरिया थाना पुलिस ने पति-पत्नी से 3 किलो से ज्यादा गांजा और दो छुरी बरामद की है. पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि एक आदिल उर्फ अद्दू, जो हाथ में धारदार हथियार लेकर दहशत फैला रहा है. इस दौरान उसके साथ एक महिला भी थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की. आरोपी आदिल खान (19) निवासी हनुमानगंज और उसकी पत्नी गुनगुन संकत (19) की तलाशी लेने पर उनके पास से दो छुरी और प्लास्टिक की बोरी में रखा गांजा बरामद हुआ. आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया. गांजा लाने के संबंध में पूछताछ पर आरोपी महिला गुनगुन ने बताया कि उसने अपनी सहेली से इसे बेचने के लिये लिया था.

### 12 साल से फरार आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**भोपाल, 26 फरवरी.** निशातपुरा थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में 12 साल से फरार जयप्रकाश मंगतानी को अहमदाबाद (गुजरात) से गिरफ्तार किया. पुलिस के मुताबिक 24 अप्रैल 2014 को राजेश सांडिल्य निवासी मैनिट के पास एमवी सिटी कॉलेज ने शिकायत दर्ज कराई थी. गिरफ्त में आए आरोपी पर निर्माण कार्य को बीच में छोड़कर फरार होने का आरोप था. दीपक कपिला, अशोक गोयल, हेमंत खण्डेवाल को पहले गिरफ्तार कर चुकी है.

### शांति भंग करने वाले 4 आरोपियों को भेजा जेल

**भोपाल, 26 फरवरी.** अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में 4 लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया. आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार भीम नगर और रोशनपुरा झुग्गी क्षेत्र में जहां आये दिन मारपीट, लड़ाई- झगड़े सहित अन्य आपराधिक घटनायें होती हैं. इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस ने इन स्थानों से आरोपी प्रताप सिंह उईके उर्फ गोलू (40), राज शर्मा (20), गंगेश्वर लहरे (36) और महेश्वर लहरे (42) को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

# आरोपी बहनें युवकों को प्रेमजाल में फंसाकर करती थीं ब्लैकमेल

### राजीनामे के बहाने मोटी रकम लेने का आरोप

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 26 फरवरी. बागसेवनिया थाना पुलिस धर्मांतरण और देहव्यापार मामले में जांच में जुटी हुई है. अब पुलिस को आरोपी बहनें आफरीन और अमरीन से जुड़ी कुछ और जानकारियां मिली हैं.**

सूत्रों के मुताबिक दोनों बहनें युवकों को प्रेमजाल में फंसाते हुए उनके साथ ब्लैकमेलिंग करती थीं. ऐसे युवकों पर दबाव बनाने के लिए उन पर पहले पुलिस केस करने और बाद में राजीनामे के लिए पैसों की डिमांड की जाती थी.



दोनों बहनें समझौते के नाम पर युवकों से मोटी रकम भी वसूलती थीं. हालांकि कोह-ए-फिजा थाने में दर्ज हुए मामले को लेकर पुलिस अभी जांच कर रही है. धर्मांतरण के शिकार हुए लोगों को कथित तौर पर नाम बदलने के लिए मजबूर नहीं किया गया था, लेकिन उन पर इस्लामी रीति-रिवाजों और परंपराओं का पालन करने का दबाव डाला गया था. सूत्रों ने यह भी दावा किया कि आरोपियों ने पांच अन्य पीड़ितों का भी शोषण किया और उन्हें जबरन धर्मांतरण कराया, जो अभी तक सामने नहीं आए हैं.

# 4 साल में भी नहीं पूरी हो सकी शिक्षकों की भर्ती

- अभ्यर्थियों ने डीपीआई के सामने किया प्रदर्शन

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 फरवरी. प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों का गुस्सा और प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है. गुरुवार को लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के सामने करीब 11 सौ अभ्यर्थियों ने जमकर प्रदर्शन किया.**

अभ्यर्थियों ने बताया कि 2022 से स्थायी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया गया, लेकिन भर्ती प्रक्रिया पूरे 4 सालों में भी पूरी नहीं की जा सकी है. रिजल्ट जारी होने के बाद भी नियुक्ति न मिलने के कारण चयनित शिक्षक वर्ग दो के अभ्यर्थियों ने सुबह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर इकट्ठे होकर 11 बजकर 30 मिनट पर भाजपा कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा. इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने लोक शिक्षण संचलनालय पहुंचकर नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया.




मध्यप्रदेश में शिक्षक वर्ग दो भर्ती का नोटिफिकेशन वर्ष 2022 में जारी हुआ था. वर्ष 2023 में पात्रता परीक्षा हुई. अप्रैल 2025 में चयन परीक्षा आयोजित की गई और सितंबर 2025 में परिणाम घोषित हुआ. चयन सूची जारी होने के पांच माह बाद भी नियुक्ति आदेश जारी नहीं हुए हैं. अभ्यर्थियों ने बताया इससे पहले बड़ी मुश्किल से अप्रैल में लेटलतीफी के साथ चयन परीक्षा करवाई गई.जिसका परिणाम 25 सितंबर 2025 में घोषित किया गया. लेकिन उसके बाद भी दो महीने तक डीवी (डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन) के लिए विकल्प नहीं दियागया.

# डायल 112 टीम ने बचाई बुजुर्ग की जान

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 26 फरवरी. डायल 112 के जवानों की त्वरित, साहसिक और मानवीय कार्रवाई ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि आपातकालीन सेवा संकट की घड़ी में आमजन के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है.**

गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले 70 वर्षीय बुजुर्ग को डायल 112 टीम ने समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई और कर्तव्यनिष्ठा व संवेदनशीलता का परिचय दिया. घायल बुजुर्ग की पहचान केदारनाथ धुरिया (70) के रूप में हुई है, जो चलने-फिरने में असमर्थ थे. पारिवारिक विवाद के दौरान उनके ही पुत्र ने कथित रूप से शराब के नशे में उनके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े. पुत्र के आक्रामक व्यवहार और अभद्र भाषा के कारण मोहल्ले के लोग मदद के लिए आगे आने से हिचक रहे थे, जिससे स्थिति अत्यंत गंभीर और संवेदनशील बनी हुई थी. सूचना मिलते ही डायल 112 की फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) तत्काल मौके पर पहुंची. आरक्षक राजकरण साहू (135) और पायलट संदीप रजक ने स्थिति की नाजुकता को समझते हुए बिना विलंब राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया.

# यात्री बसों के 9 करोड़ की टैक्स चोरी

- ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया केस

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 26 फरवरी. यात्री बसों के 9 करोड़ की टैक्स चोरी के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू )जबलपुर ने कार्रवाई की है. बस मालिक और परिवहन विभाग के कर्मचारी पर केस दर्ज किया है.**

जानकारी के मुताबिक संजय केशवानी, साधना केशवानी के नाम पर दर्ज बसों का बकाया टैक्स होने पर भी वाहनों का परमिट, फिटनेस जिला परिवहन कार्यालय डिंडौरी से जारी करने के संबंध में शिकायत की गई थी.

### बस मालिक, आरटीओ कर्मी हैं आरोपी

इन दोनों वाहन मालिकों द्वारा अपनी इन बसों को डिण्डौरी से जबलपुर, डिण्डौरी से बम्हनी, बिछिया से डिण्डौरी एवं अमरकंटक से मलाजखण्ड तक संचालित किया जाता था. इन 16 बसों में से विभिन्न बसों का वर्ष 2006 से 2025 तक का टैक्स इन वाहन मालिकों द्वारा जमा नहीं किया गया था. इन वाहन मालिकों द्वारा 2006 से इन बसों को कबाड़ में बेच दिये जाने की सूचना जिला परिवहन कार्यालय डिण्डौरी में देना बताया गया और परिवहन विभाग को टैक्स देना बंद कर दिया गया. वर्ष 2017 से जिला परिवहन कार्यालय डिण्डौरी ने उपरोक्त अनावेदकों से टैक्स वसूली की प्रक्रिया शुरू की. वसूली कार्रवाई के दौरान जिला परिवहन कार्यालय डिण्डौरी के लिपिक, पुष्प कुमार प्रधान, सहायक ग्रेड-1 द्वारा इन बसो की टैक्स की फाईलें गायब कर दी गई. टैक्स की फाईल गुम जाने के कारण परिवहन विभाग द्वारा आज दिनांक तक टैक्स नहीं वसूल पाने के कारण शासन को लगभग 9 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति हुई. इस प्रकार संजय केशवानी, साधना केशवानी, एवं सहायक ग्रेड-1 पुष्प कुमार प्रधान द्वारा आपस में अपराधिक षड्यंत्र कर, शासन के साथ धोखाधड़ी करने के आशय से संजय केशवानी और साधना केशवानी ने बिना अनुमति प्राप्त किए विवादित वाहनों को नष्ट किया.

# अतिथि शिक्षकों को बड़ी राहत, छह दिन में बदला फैसला

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 26 फरवरी. प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षकों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है. लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 20 फरवरी 2026 को जारी किया गया आदेश निरस्त कर दिया गया है.**

बता दें, इस आदेश के तहत प्रदेश भर में अतिथि शिक्षकों के लिए कहा गया था कि अगर वह एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहते हैं तो अतिथि शिक्षक को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया जायेगा. इस आदेश के सामने आते ही प्रदेश भर के अतिथि शिक्षकों में असुरक्षा और आक्रोश का माहौल बन गया था. कई शिक्षकों का कहना था कि बीमारी, दुर्घटना या पारिवारिक आपात परिस्थितियों में यह प्रावधान अमानवीय हो सकता है.




# महिलाएं दुकानों के सामने फेंक रहीं हैं मांस

- श्री हिंदू उत्सव समिति ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 26 फरवरी. कोतवाली थाना प्रभारी को श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ने गुरुवार को पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा और पुराने शहर के लखेरापुरा तथा लोहा बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने मांस के टुकड़े फेंकने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.**



श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने पुलिस को बताया कि पुराने भोपाल के लखेरा बाजार और लोहा बाजार क्षेत्र में कुछ महिलाएं कई दिनों से मांस के टुकड़े दुकानों के सामने फेंक रहीं हैं. इसको लेकर व्यापारियों ने हिंदू उत्सव समिति से शिकायत की. मामले को लेकर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी की अगुवाई में व्यापारी कोतवाली थाना पहुंचे. उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा.

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**भोपाल, 26 फरवरी.** शाहपुरा थाना इलाके में एक आरोपी युवक ने युवती को शादी का झांसा देते हुए दुष्कर्म किया. 25 वर्षीय पीड़िता ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है. मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी कुणाल पंथी पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है. काम के सिलसिले में ही पीड़िता से उसकी मुलाकात कुछ महीने पहले हुई थी. कुणाल ने युवती से दोस्ती करते हुए शादी का झांसा दिया. इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध भी बनाए. पीड़िता का आरोप है कि कुणाल ने शादी के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया.

# गलियों में बहता है सीवेज का पानी

## पिलेश्वर मंदिर के नाले की पुलिया क्षतिग्रस्त, कचरों से नाला जाम

### वार्ड क्रमांक 27

**भोपाल, 26 फरवरी. नगर निगम के जोन आठ के वार्ड 27 में समस्याओं को अंबार है. वार्ड में नाले, नालियां कचरों से भरी हैं, नाले की पुलिया और नालियां भी क्षतिग्रस्त हैं.**

वार्ड की गलियों में कचरे का ढेर लगा है. पानी की टंकी काफी समय से बंद है, जो कि जर्जर हालत में खड़ी है. आने वाले समय में वह कभी भी गिर सकती है, जिससे वहां के रहवासियों को बड़ी दुर्घटना होने का डर बना हुआ है. अगर देखा जाए तो यहां की समस्या नगर निगम की स्वच्छता की सच्चाई दिखाता है. सफाई सिर्फ दस्तावेजों में हो रही है, जमीनी हकीकत कुछ ओर हैं. शहर की स्वच्छता के लिए सर्वे चल रहा है, जिसमें शहर की स्वच्छता का आंकलन किया जाएगा. यही हालात रहे तो स्वच्छता में भोपाल नगर निगम को कोई स्थान मिलेगा या नहीं यह कहना मुश्किल है. नेहरू नगर चौराहे के पास विवेकानंद पार्क वाले मार्ग पर पिपलेश्वर मंदिर के बगल से बड़ा नाला है, जो मुख्य मार्ग के नीचे से गुजरता है. मंदिर के पास पुलिया क्षतिग्रस्त है, वहीं नाला सड़क के लेबल में है. सड़क के नीचे नाले के पाइप कचरे से भरे हुऐ हैं, जिससे बरसात में पानी संजय नगर बस्ती और मुख्य मार्ग पर भर जाता है. कोटरा सुल्तानाबाद क्षेत्र में मैफ्लावर पब्लिक स्कूल संचालित होता है. स्कूल की दीवार से लगा नाला है, जिसमें कचरा भरा हुआ है. वहीं, नाले की दीवार टूटी हुई है.



### इनका कहना है



मैं नगर निगम का कर्मचारी हूं, हमारी मल्टी में सीवेज के चेंबर टूटे और खुले हैं, गंदा पानी गलियों में बहता है, जिससे बदबू आती है. यहां कभी नालियों और सीवेज की सफाई होती ही नहीं है.

**तेज बहादुर यादव,** रहवासी, नया बसेरा मल्टी




हमारा बच्चा मेफ्लावर स्कूल में पड़ता है. स्कूल के पास ही नाला है, जिसमें बच्चों के गिरने का डर रहता है. साथ ही हम नाले की बदबू से परेशान हैं.

**आरती धावरे,** स्कूली बच्चे की माता



पानी की समस्या नहीं है, जिन्होंने पानी का कनेक्शन नहीं लिया है वह परेशान हैं. बीडीए रखरखाव करे तो समस्या दूर हो सकती है, पार्षद को मैसेज भेजने पर कार्य जल्द हो जाता है.

**फूलवती आमले,** नया बसेरा मल्टी के पास बस्ती



बोरवेल की मोटर खराब है, पीने का पानी नहीं आ रहा है, नालियों की सफाई हमें चंदा करके करवाना पड़ती है, सीवेज का पानी गलियों में बहता है.

**शरीफ खान,** रहवासी, नया बसेरा मल्टी नंबर 6

**असुविधा** मोबाइल से एक्सरे की स्क्रीन से फोटो ले रहे मरीज

# 20 दिनों से जेपी में खराब पड़ी एक्सरे की प्रिन्टिंग मशीन



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 फरवरी. जय प्रकाश जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थायें थमने का नाम नहीं ले रही. पिछले 20 दिनों से अस्पताल परिसर के ए ब्लॉक में लगी एक्सरे की प्रिंटिंग खराब पड़ी हुई है.**

लेकिन सुनवाई के नाम पर कोई प्रक्रिया नहीं की जा रही है. बता दें अस्पताल में एक्सरे के लिए दो जगह ब्लॉक ए और बी में मशीनें लगाई गई हैं, लेकिन पिछले कई दिनों से एक मशीन के खराब होने के कारण अधिकतर मरीजों को बी ब्लॉक में एक्सरे करने के लिए भेजा जा रहा है. जिसके कारण बी ब्लॉक में मरीजों को घंटों घंटो लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है. वहीं दूसरी तरफ जिन मरीजों का एक्सरे ए ब्लॉक में किया जा रहा है उन्हें न तो एक्सरे की फिल्म मिल रही है और न ही वह डॉक्टर को एक्सरे दिखा पा रहे.

### -मरीजों का कहना है-

-अस्पताल में इलाज इलाज कराने आये मरीज के परिजन अशोक कुमार ने बताया कि डॉक्टर ने 11 बजे के करीब देखकर एक्सरे लिखा था, लेकिन अभी 1 बज रहे हैं जांच नहीं हो पाई है, लाइन में लग कर इंतजार कर रहे हैं. -एक अन्य मरीज की परिजन रीता ने बताया कि एक्सरे तो करा लिया लेकिन फिल्म नहीं मिली. उसके लिये कहा कि मोबाइल से स्क्रीन की फोटो लेलो, हम फिल्म नहीं दे पायेगें.